भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 467

दिनांक 06.02.2023 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी जिलों के पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्य

467 **श्री सतीश चंद्र दूबे**:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आकांक्षी जिलों के पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के तरीके को बदलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की आकांक्षी जिलों में कार्यान्वयन की गति बहुत धीमी हैं; और

(घ) क्या सरकार सीधे अपने स्तर पर इसकी निगरानी करने की कोई योजना बना रही हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वय (तंत्र प्रभारस्व)न मंत्रालय;

राज्य मंत्री योजना मंत्रालय एवं (स्वतंत्र प्रभार)

राज्यमंत्री, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) जी, नहीं। वर्तमान में आकांक्षी जिला कार्यक्रम, की गई प्रगति का आकलन करने और शेष कमियों की पहचान करने के लिए जिला प्रशासन की सहायता हेतु एक निगरानी ढांचा प्रदान करता है। यह जिलों को विशेष रूप से कार्यक्रम के फोकस क्षेत्रों में अपने सभी कार्यों की योजना बनाने और निष्पादन में सहायता करने के लिए भी है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, पोषण, स्कूली शिक्षा, कृषि और जल संसाधन प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी अवसंरचना के क्षेत्रों में 49 संकेतकों पर केंद्रित है। हर महीने, जिले इन क्षेत्रों के प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में अपनी प्रगति दर्ज करते हैं और प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग की जाती है और इन्हें एक सांकेतिक प्रदर्शन

अनुदान आवंटित किया जाता है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, प्रदर्शन अनुदान के आधार पर, जिलों द्वारा महसूस की गई महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए विशिष्ट परियोजनाएं शुरू की जाती हैं। जिलों की यह मजबूत निगरानी और रैंकिंग उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती है जिसके परिणामस्वरूप तेजी से सुधार होता है। इसके अलावा, आकांक्षी जिलों के भीतर अपेक्षाकृत अन्य अल्पविकसित ब्लॉकों की पहचान की गई है और 07 जनवरी, 2023 को शुरू किए गए बड़े राष्ट्रव्यापी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

(ग) चूंकि आकांक्षी जिले अपेक्षाकृत दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण जिले हैं, अत: यह सच नहीं है कि विकासात्मक कार्यों का कार्यान्वयन धीमा है। जैसा कि जिलों द्वारा हर महीने डेटा की निगरानी की जाती है, उन्होंने महत्वपूर्ण प्रगति दिखाई है। इस कार्यक्रम के तहत की गई प्रगति का जिलेवार विवरण वेबपोर्टल (www.championsofchange.gov.in) पर सार्वजनिक रुप से उपलब्ध है।

(घ) जी, नहीं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम को चयनित आकांक्षी जिलों को तेजी से बदलने के लिए राज्य सरकार की सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी निगरानी जिलों द्वारा की जाती है और आगे राज्य और केंद्र सरकारें इसका संचालन करती हैं। जैसा कि ऊपर उत्तर (ग) के तहत कहा गया है, वेब पोर्टल को सार्वजानिक रुप से उपलब्ध कराने से जिला प्रशासन और संबंधित राज्यों को इस कार्यक्रम के तहत की गई प्रगति की निगरानी करने में सहायता मिलती है।

*****